Email - svkss@696kota

शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सहकारी सभा लि.696आर कोटा

अध्यक्षीय सन्देश

5396
22/9/2022

सम्माननीय सदस्यों, बहनो–भाईयों,

"जय सहकार"

संस्था का यह कार्यकाल विषम परिस्थितियों से गुजरा है। कोरोना महामारी के चलते कामकाज व संस्था का विगत लाभ प्रभावित हुआ है, इसके साथ ही संस्था की एफडी पर बैंकों के ब्याज में कमी होना, कार्यकारिणी का नियन्त्रण कमजोर होने से संस्था में गबन जैसी घटनाऐं होना, विपक्षी संचालकों द्वारा संवेदनशील मुद्दों पर गबन करने वाले कर्मचारियों का पक्ष लेना, संस्था के खिलाफ झूठी शिकायतें देकर अखबारों–सोशल मीडिया में प्रसारित कर संस्था को बदनाम करने से संस्था की साख घटी है। सैकड़ों की संख्या में सदस्यों ने अपनी कटौतियां रोक दी हैं, जिससे संस्था का लाभ कम होने से लाभांश में भी कमी आई है।

हमें संस्था के अस्तित्व को बचाये रखने के लिए आप सभी सम्माननीय सदस्यों के सहयोग की आवश्यकता है। हमने हिम्मत करके संस्था विरोधी 3 सदस्यों को निष्कासित किया है। 5 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। एक संचालक को निलम्बित कर रखा है। संस्था के पदाधिकारियों मन्त्री–उपाध्यक्ष मनमानी की जानकारी सामने आने पर उनके विरूद्ध रिकवरी की कार्यवाही की है। इसी से खफा लोग मेरे व मेरे पति ईश्वरसिंह के विरूद्ध लगातार शिकायतें, साजिशें कर अपने आप को सत्यवादी हरिशचन्द्र साबित करने में लगे हुए हैं।

सहकारी की मौजूदा सदस्यता 7265 व क्रियाशील पूंजी 8841.69 लाख पहुंच गई है। आगामी माह में इसके संचालक मण्डल के चुनाव होने हैं। कई बुरी नियत वाले लोग इस पर नजर गड़ाए हुए हैं। ऐनकेन प्रकारेण इसे हथियाना चाहते हैं। चुनाव में आपका निर्णय सहकारी के हित में होगा, यही मैं आपसे आशा करती हूं।

मैंने इस विशेष आमसभा में जो एजेण्डा रखा है। इस पर अपनी राय व्यक्त कर इसे स्वीकृति प्रदान करें ताकि दीपावली पर लाभांश वितरण किया जा सके एवं शीघ्र चुनाव कराए जाने का रास्ता खुल सके।

वित्तीय वर्श 2021–22 का लाभ–हानि खाता, सन्तुलन चित्र, लाभांश वितरण स्टेटमेन्ट संस्था की वेबसाईट www.shikshasahakarikota.com पर उपलब्ध है।

संध्या राठौड़

अध्यक्ष
शिक्षा विभाग कर्मचारीगण
सहकारी सभा 696, कोटा

Scanned with CamScanner

वेबसाइट – www.shikshasahakarikota.com

शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सहकारी सभा लि.696आर कोटा

क्रमांक ~~5397~~ 5397 दिनांक 22/9/2022

सदस्यों के लिए आमसूचना

साधारण सभा का विशेष अधिवेशन

संस्था की साधारण सभा का विशेष अधिवेशन (वर्चुअल) दिनांक 30/09/2022 को दोपहर 1.30बजे से वेबपोर्टल लिंक http://videovc.in/agm/svkss696 पर लाईव होगा, जिसमें सभी सम्मानीय सदस्यगण अपने संस्था रिकॉर्ड में दिए गए अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से वेबपोर्टल में लॉगइन कर अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों पर अपनी स्वीकृति/अस्वीकृति दे सकेंगे। कृपया सभी सम्माननीय अंशधारकों को वर्चुअल साधारण सभा में वेबपोर्टल के माध्यम से उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

दिनांक – 30/09/2022 (शुक्रवार)
समय – दोपहर 1.30बजे से
वेबपोर्टल लिंक – http://videovc.in/agm/svkss696

विचारणीय विषय

1. संचालक मण्डल के चुनाव पूर्व भांति शीघ्र कराने पर विचार
2. सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2021–22 के लाभांश वितरण पर विचार

निवेदक
अध्यक्ष एवं संचालक मण्डल
शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सहकारी सभा लि.696आर कोटा

वित्तीय वर्ष 2021–22
लाभ वितरण स्टेटमेन्ट

शुद्ध लाभ		**30470792**
सुरक्षित कोष	25प्रतिशत	7617698
जनहित कल्याण कोष	10प्रतिशत	2255309
लाभ समानीकरण कोष	5प्रतिशत	1142655
शिक्षा कोष	1प्रतिशत	228531
लाभ वितरण योग्य राशि		**19196599**

नोट – वितरण योग्य राशि के कम पड़ने पर लाभ समानीकरण कोष से राशि लेने का प्रस्ताव है।

(हस्ताक्षर)
अध्यक्ष
शिक्षा विभाग कर्मचारीगण
सहकारी सभा ... कोटा

Scanned with CamScanner